हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 31 दिसंबर 2025

04 कोलार नदी पर 500 मीटर अस्थायी मार्ग, 25-30...



07 महाविद्यालय को मिली सौगात, 4 करोड़ की...





## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 2 जनवरी को

**सीहोर।** जनजातीय कार्य विभाग की जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की त्रैमासिक बैठक कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में 2 जनवरी, 2026 को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित की गई है ।

### दुर्गादास बस्ती गंज में होगा विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजन

**सीहोर।** हिन्दू सम्मेलन का आयोजन दुर्गादास बस्ती गंज में 11 जनवरी रविवार को प्रस्तावित किया गया। करौली वाली माता मंदिर से सुबह 10 कलश यात्रा प्रारंभ की जाएगी। कलश यात्रा गंज के प्रमुख मांर्गो से होकर बड़ी ग्वाल टोली शासकीय हाई स्कूल के वसुधा मैरिज गार्डन पहुंचेगी। हिन्दुसंगम सामाजिक एकता, समरसता, सांस्कृतिक चेतना धार्मिक परम्पराओं को सुदृढ़ बनाने का एवम हिन्दू समाज की सामुहिक शक्ति के प्रकटीकरण के लिए हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन को साधू संत हिन्दू विचारक संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के समापन के बाद सामुहिक भोजन प्रसादी का कार्यक्रम होगा।

सकल हिंदू समाज दुर्गादास बस्ती गंज ने सभी हिन्दूजनों को आमंत्रित किया है।

### अहिरवार समाज की महत्वपूर्ण बैठक कल

**सीहोर।** सीहोर जिला मुख्यालय के तहसील श्यामपुर स्थित संत रविदास मंदिर में 1 जनवरी दापेहर 1 से सांय 3 बजे तक अहिरवार समाज संघ की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया जा रहा है। दोपहर एक बजे से तीन बजे तक आयोजित होने वाली इस बैठक में समाज के उत्थान और भविष्य की दिशा तय करने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश संस्थापक अमन सिंह नरवरिया रहेंगे, जबकि अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राजेश अहिरवार करेंगे। बैठक का मुख्य एजेंडा समाज में फैली पुरानी कुरीतियों और अंधविश्वास को समाप्त करना है। इसके साथ ही युवाओं को नशे के जाल से बाहर निकालने के लिए नशामुक्त समाज के संकल्प पर चर्चा की जाएगी। समाज को एकजुट करने और संगठन की कार्यक्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का गठन भी किया जाएगा। बैठक में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष संगीता गोलियां, प्रदेश उपाध्यक्ष रविशंकर सूर्यवंशी, प्रदेश सचिव विनोद कुमार बड़ोदिया और संभाग अध्यक्ष तुलसीराम अहिरवार विशेष रूप से उपस्थित होकर समाज को मार्गदर्शित करेंगे। कार्यक्रम लेकर श्यामपुर समिति के मंसाराम अहिरवार, नर्मदा प्रसाद अहिरवार, राम सिंह अहिरवार और भोलाराम अहिरवार सहित सभी कार्यकर्ताओं ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

# मनरेगा का नाम बदलने पर छिड़ा सियासी संग्राम, शिवराज के गढ़ सीहोर से पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह शुरू करेंगे पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

देश में सरकारी योजनाओं के नाम बदलने की राजनीति अब सडक़ों पर उतरने के लिए तैयार है। केंद्र सरकार द्वारा 'मनरेगा' महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम का नाम बदलकर विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण किए जाने के फैसले ने प्रदेश की सियासत में उबाल ला दिया है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने इस बदलाव को सीधे तौर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान करार देते हुए मोर्चा खोल दिया है। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने ऐलान किया है कि वे इस फैसले के विरोध में



आगामी 5 जनवरी से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले सीहोर से एक बड़ी पदयात्रा की शुरुआत करेंगे। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह का आरोप है कि केंद्र सरकार सोची-समझी साजिश के तहत महापुरुषों और विशेषकर महात्मा गांधी की विरासत को मिटाना चाहती है। लोकसभा में इस बदलाव से जुड़ा बिल पास होने के बाद अब कांग्रेस इसे जनता के बीच ले जाने की तैयारी में है।

### मजदूरों को करेंगे लामबंद

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की यह पदयात्रा सीहोर जिले की किसी ग्राम पंचायत से शुरू होगी। बता दें राजनीतिक गलियारों में पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान और केंद्र सरकार को उनके ही गढ़ में घेरने की एक बड़ी रणनीति के रूप में देख रहे हैं। इस यात्रा के जरिए दिग्विजय सिंह न केवल ग्रामीण मजदूरों को लामबंद करेंगे, बल्कि गांधी कार्ड खेलकर भावनात्मक रूप से भी जनता को जोडऩे का प्रयास करेंगे।

### 2006 से शुरू हुई थी योजना

गौरतलब है कि मनरेगा महत्वपूर्ण और बुनियादी योजना रही है, जो ग्रामीण परिवारों के वयस्क सदस्यों को एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों के अकुशल शारीरिक श्रम की कानूनी गारंटी देती है। इस अधिनियम को सितंबर 2005 में पारित किया गया था और 2 फरवरी 2006 को आंध्र प्रदेश के अनंतपुर से इसकी शुरुआत हुई थी। प्रारंभ में इसे नरेगा के नाम से जाना जाता था, लेकिन 2 अक्टूबर 2009 को इसमें महात्मा गांधी का नाम जोड़ा गया था। अब दिसंबर 2025 में केंद्र सरकार ने इसके ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन करते हुए इसे विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण का नया नाम दिया है।

## कैलेंडर का आखरी पन्ना पलटने को तैयार, कई खट्टी-मिठी यादें छोड़कर जा रहा 2025

# अलविदा-2025ः सीहोर के लिए सौगातों भरा रहा साल, हादसों के साथ विवादों ने भी दी गहरी टींस

### कुबेरेश्वर धाम की भगदड़ और वीआईटी यूनिवर्सिटी के विवाद ने जिले का नाम राष्ट्रीय पटल पर नकारात्मक रूप से भी गूंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कैलेंडर का आखिरी पन्ना पलटने को तैयार है। आज साल 2025 का अंतिम दिन है। यह साल जिले के लिए जहां सौगातें लेकर आया, वहीं विवाद और हादसों की भी गूंज रही। एक ओर जहां मुख्यमंत्री के 'सीहोर प्रेम' ने विकास की नई उड़ान भरी, वहीं कुबेरेश्वर धाम की भगदड़ और वीआईटी यूनिवर्सिटी के विवाद ने जिले का नाम राष्ट्रीय पटल पर नकारात्मक रूप से भी गूंजा दिया।

साल 2025 का सबसे बड़ा शैक्षणिक विवाद कोठरी स्थित वीआईटी यूनिवर्सिटी में देखने को मिला। खराब खाने और दूषित पानी की समस्या को लेकर करीब 4 हजार छात्र सडक़ों पर उतर आए। आधी रात को हुए इस उग्र प्रदर्शन और तोडफ़ोड़ ने प्रशासन की नींद उड़ा दी। जब सरकारी जांच रिपोर्ट आई तो खाने के सैंपल फेल पाए गए। यह मामला केवल जिले तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विधानसभा से लेकर राज्यसभा तक में इस पर चर्चा हुई।

### सियासतः मंत्री करण सिंह वर्मा का सन्यास

राजनीतिक गलियारों में 28 मार्च की तारीख ऐतिहासिक रही। जिले के दिग्गज नेता और प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने एक सार्वजनिक मंच से चुनावी राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा कर सबको चौंका दिया। उनके इस फैसले को इछावर की राजनीति में एक युग के अंत के तौर पर देखा जा रहा है।

### सौगातेंः नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना



**सीहोर।** नर्मदा का पानी रामपुरा डेम पर पहुंचने पर सिग्नल देते हुए।

साल जाते-जाते आष्टा ब्लॉक के किसानों को बड़ी सौगात मिली। करीब 2500 करोड़ की लागत वाली नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना के तहत पाइपलाइन के माध्यम से रामपुरा जलाशय तक नर्मदा जल पहुंच गया। इसकी सफल टेस्टिंग ने आष्टा के 202 गांवों के 75 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचित करने का रास्ता साफ कर दिया।

### कुबेरेश्वर धामः आस्था पर भारी पड़ी अव्यवस्था



आस्था का केंद्र कुबेरेश्वर धाम इस साल गम के साए में रहा। अगस्त माह में आयोजित रुद्राक्ष महोत्सव के दौरान उमड़ी लाखों की भीड़ को संभालने में प्रशासन और प्रबंधन विफल रहा। मची भगदड़ में 7 श्रद्धालुओं को अपनी जान गंवानी पड़ी। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया और बड़े धार्मिक आयोजनों में सुरक्षा व व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े किए।



**सीहोर।** वीआईटी में विवाद के चलते छात्रों ने कॉलेज की बसों और वाहनों को आग के हवाले कर दिया था।

### पुलिस की सूझबूझ, आष्टा में टला सांप्रदायिक संकट



साल के अंतिम दिनों में आष्टा में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाडऩे की कोशिश हुई, लेकिन पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी ने इसे नाकाम कर दिया। एसपी दीपक कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन और पुलिस की नंबर-2 अफसर ने सप्ताह भर तक आष्टा में ही डेरा डाले रखा, जिससे एक बड़ा संकट टल गया और शांति बनी रही।

### रेलवे की रफ्तार

भोपाल-रामगंज मंडी नई रेलवे लाइन परियोजना के तहत जरखेड़ा से श्यामपुर के बीच 125 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सफल ट्रायल हुआ।

### सडक़ हादसेः रफ्तार ने छीनी कई जिंदगी

साल का अंत हादसों के लिहाज से बेहद दुखद रहा। कोहरे और तेज रफ्तार ने कई परिवारों को उजाड़ दिया। 27 नवंबर को एसबीआई की एजीएम संध्या नेमा की सडक़ हादसे में मौत हुई, तो 12 दिसंबर को महिला एसआई की थार गाड़ी ने झगरिया में तबाही मचाई। वहीं 28 दिसंबर को इछावर में हुए डेटोनेटर ब्लास्ट और सैकड़ाखेड़ी मार्ग पर मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों को कुचलने वाली घटना ने जिले को रुला दिया। दिसंबर महीने की शुरुआत में मुगीसपुर गांव के कार चालक ने बाईक में टक्कर मारी, एक युवक की मौत पर ही हो गई, जबकि दूसरी युवक कार में घसीटता गया।



### अन्य सौगातें

2 अगस्त को बडियाखेड़ी में 2000 करोड़ के निवेश और फोरलेन कॉरिडोर की घोषणा हुई। साथ ही शेरपुर में देश के पहले राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान का लोकार्पण और जिला अस्पताल में मॉड्यूलर ओटी की शुरुआत स्वास्थ्य क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हुई।

## वर्ष में कुल 52 शनिवार और 52 रविवार को दफ्तरों में ताले लटके रहेंगे, अन्य छुट्टियां भी

# साल 2026 का अवकाश कैलेंडर जारी, 127 दिन बंद रहेंगे दफ्तर, गणेश चतुर्थी पर अब सार्वजनिक छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर है। राज्य सरकार ने वर्ष 2026 का आधिकारिक अवकाश कैलेंडर जारी कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी इस अधिसूचना के अनुसार साल 2026 में सरकारी कर्मचारी कुल 127 दिन अवकाश पर रहेंगे, जबकि कार्यालयों में 238 दिन कामकाज होगा। इस कैलेंडर में शनिवार और रविवार की छुट्टियों के साथ.साथ त्योहारों की सूची भी स्पष्ट कर दी गई है।

नए कैलेंडर में सबसे महत्वपूर्ण बदलाव गणेश चतुर्थी को लेकर किया गया है। 14 सितंबर को पडऩे वाली गणेश चतुर्थी को अब सामान्य अवकाश यानी सार्वजनिक छुट्टी घोषित कर दिया गया है। इसके साथ ही साल भर में कुल



सार्वजनिक छुट्टियों की संख्या बढक़र 23 हो गई है। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों के लिए 62 ऐच्छिक अवकाश की सूची भी जारी की गई है, जिनमें से कर्मचारी अपनी पसंद के कोई भी तीन अवकाश ले सकेंगे।

### फाइव-डे वर्किंग रहेगा बरकरार

कर्मचारियों के लिए एक और बड़ी खुशी की बात यह है कि सरकार ने फाइव-डे वर्किंग (सप्ताह में 5 दिन काम) के नियम को 2026 में भी जारी रखने का निर्णय लिया है। कोविड-19 महामारी के दौरान शुरू हुई यह व्यवस्था अब भी प्रभावी रहेगी। हालांकि बीते दिनों काम के घंटे बढ़ाने को लेकर चर्चाएं तेज थीं, लेकिन विभागों और कर्मचारी संगठनों के बीच सहमति न बनने के कारण फिलहाल कार्य समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। साल 2026 में कुल 52 शनिवार और 52 रविवार को दफ्तरों में ताले लटके रहेंगे।

### छुट्टियों पर त्योहारों का साया

कैलेंडर के विश्लेषण से पता चलता है कि 2026 में कुछ प्रमुख त्योहार शनिवार या रविवार के दिन पड़ रहे हैं। इससे कर्मचारियों को मिलने वाले अतिरिक्त अवकाश का लाभ नहीं मिल पाएगा।

### 2026 के प्रमुख सार्वजनिक अवकाश

गणतंत्र दिवसः 26 जनवरी, होलीः 4 मार्च, गुड़ी पड़वा/चेतीचंडः 19 व 20 मार्च, रामनवमीः 26 मार्च, महावीर जयंतीः 31 मार्च, गुड फ्राइडेः 3 अप्रैल, अम्बेडकर जयंती/बैशाखीः 14 अप्रैल, परशुराम जयंतीः 20 अप्रैल, बुद्ध पूर्णिमाः 1 मई, ईद.उल.जुहाः 27 मई, महाराणा प्रताप जयंतीः 17 जून, मुहर्रमः 26 जून, मिलाद.उन.नबीः 26 अगस्त, श्रीकृष्ण जन्माष्टमीः 4 सितंबर, गांधी जयंतीः 2 अक्टूबर, विजयदशमीः 20 अक्टूबर, दीपावलीः 8 नवंबर, गुरु नानक जयंतीः 24 नवंबर, क्रिसमसः 25 दिसंबर

# छात्राओं की सुरक्षा पर उठी आवाज ऑपरेशन मजनू चलाने की मांग

**सीहोर।** शहर में बढ़ते परीक्षा सत्र के बीच छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सीहोर को एक ज्ञापन सौंपकर शहर में ऑपरेशन मजनू को तत्काल प्रभाव से शुरू करने की मांग की गई है। आवेदनकर्ता आशीष गहलोत ने बताया कि इन दिनों बड़ी संख्या में छात्राएँ सुबह से देर शाम तक कोचिंग संस्थानों और विद्यालयों में आ-जा रही हैं। इस दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा छींटाकशी, पीछा करने और मानसिक प्रताड़ना जैसी घटनाएँ सामने आ रही हैं, जिससे छात्राएँ डर और तनाव में रहती हैं तथा उनके पढ़ाई पर नकारात्मक असर पड़ रहा है।

एसपी दीपक कुमार शुक्ला को मंगलवार को सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि शहर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, प्रमुख चौराहों और कोचिंग जोनों में सघन गश्त बढ़ाई जाए तथा ऑपरेशन मजनू को सख्ती के साथ लागू किया जाए। साथ ही छात्राओं को महिला हेल्पलाइन 1090, 112 और 181 की जानकारी देकर त्वरित सहायता सुनिश्चित करने की बात कही गई है।

गर्ल्स कॉलेज, महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज, पीजी कॉलेज, आदिवासी कन्या छात्रावास, इंग्लिशपुरा रोड, कोतवाली चौराहा, उत्कृष्ट स्कूल और महारानी लक्ष्मीबाई कन्याशाला सहित प्रमुख शिक्षण संस्थानों के आसपास नियमित निगरानी और कार्रवाई की विशेष जरूरत बताई गई है। इस अवसर पर ब्रजेश पटेल ईश्वर सिंह चौहान और विनीत गोयल उपस्थित थे। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि हाल ही में इस तरह की छेड़छाड़ की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, इसलिए पुलिस प्रशासन से त्वरित कदम उठाने की मांग की गई है।

## खबर संक्षेप

### 24 घंटे में खोज निकाली मोटरसाइकिल

**सीहोर।** मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रदेशभर में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए की गई कार्यवाही में विगत 7 दिनों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। विभिन्न जिलों में की गई पुलिस की त्वरित और सख्त कार्यवाहियों के परिणामस्वरूप चोरी की गई 41 मोटरसाइकिलें एवं 3 कारें जप्त की गई हैं। यह कार्रवाई पुलिस की सतर्कता, सक्रियता और अपराध के प्रति जीरो-टॉलरेंस नीति का प्रमाण है। इसी क्रम में सीहोर जिले के थाना भैरुंदा पुलिस ने वाहन चोरी के आरोपी को मात्र 24 घंटे में गिरफ्तार कर चोरी की एक मोटरसाइकिल जब्त की है।

### मोतियाबिंद के 85 मरीज ऑपरेशन के लिए भोपाल भेजे गए

**बुधनी।** शाहगंज के शासकीय अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग ने निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया। शिविर में 250 मरीजों की आंखों की जांच की गई। मरीजों को आंखों की देखभाल और मोतियाबिंद जैसी बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में डॉ. सविता गुजराती ने अत्याधुनिक उपकरणों से मरीजों की जांच की। जांच के बाद 100 मरीजों को निशुल्क दवाइयां दी गईं। कम दृष्टि वाले मरीजों को उचित परामर्श दिया गया। जांच में 85 मरीज ऐसे मिले, जिन्हें मोतियाबिंद या अन्य गंभीर समस्याओं के कारण ऑपरेशन की जरूरत है। इन सभी को चिरायु अस्पताल, भोपाल भेजा गया। यहां उनका निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।

### हिंदू वाहिनी संघ के मनीष कुमार मीणा जिला अध्यक्ष नियुक्त



**सीहोर।** मनीष कुमार मीणा को हिंदू वाहिनी संघ का सीहोर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया हिन्दू वाहिनी संघ के प्रदेश अध्यक्ष नेपाल मीणा के अध्यक्षता में मीणा को ये नियुक्ति दी गई है । मनीष कुमार मीणा ने नियुक्ति पर अपने वरिष्ठों का आभार व्यक्त किया है उन्होंने कहा संगठन ने विश्वास जताया है उनके विश्वास पे खरा उतरकर संगठन को सशक्त एवं मजबूती प्रदान करने का प्रयास करेंगे संगठन के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सेवा कार्य एवं हिंदू हित के लिए कार्य करेंगे एवं लोगो को जागरूक करेंगे। मनीष कुमार मीणा की इस नियुक्ति पर हिंदू सामाजिक संगठन एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएँ प्रेषित की है।

### बिजली लाइनों के पास न उड़ाएं पतंग

**सीहोर।** मकर संक्रांति के त्यौहार के मद्देनजर पतंगबाजी को बिजली की लाइनों, ट्रांसफार्मरों और पोल से दूर रखने की अपील की है। पतंगों और उनके धागों के कारण बिजली की लाइनों में फॉल्ट हो सकता है, जिससे न केवल विद्युत आपूर्ति बाधित होती है, बल्कि हादसे का भी खतरा बना रहता है। पतंगों में इस्तेमाल होने वाले धागे और बांस की कीमची, दोनों ही बिजली की लाइनों के लिए खतरनाक हो सकते हैं।

---

### विभाग को दिखाया आइना, निजी खर्च पर बनवाया मार्ग, ग्रामीणों को मिलेगी राहत

# कोलार नदी पर 500 मीटर अस्थायी मार्ग, 25-30 लाख खर्च कर निजी कंपनी ने निभाई जिम्मेदारी

हर साल बारिश के मौसम में नदी का जलस्तर बढ़ते ही यह मार्ग बंद हो जाता था, जिससे एक दर्जन से अधिक गांवों का संपर्क तहसील मुख्यालय से टूट जाता था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील भैरुंदा की ग्राम पंचायत छिदगांव काछी में कोलार नदी पर बने जर्जर पुल की वर्षों से अनदेखी एक बार फिर सामने आई है। जहां जिम्मेदार विभाग पुल की मरम्मत को लेकर मौन साधे बैठे रहे, वहीं एक निजी कंपनी ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए मात्र 24 घंटे में 500 मीटर लंबा अस्थायी मार्ग बनाकर ग्रामीणों को बड़ी राहत दी है। कोलार नदी पर वर्ष 2009 में बना पुल अब पूरी तरह जर्जर हालत में पहुंच चुका है। पुल से सरिया बाहर निकल आया है और उस पर से गुजरना जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। हर साल बारिश के मौसम में नदी का जलस्तर बढ़ते ही यह मार्ग बंद हो जाता था, जिससे एक दर्जन से अधिक गांवों का संपर्क तहसील मुख्यालय से टूट जाता था। इसके बावजूद संबंधित विभाग द्वारा न तो मरम्मत कराई गई और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई।

**निजी कंपनी ने निभाई जिम्मेदारी, लाखों रुपए खर्च कर बना दिया अस्थाई मार्ग :** भैरुंदा तहसील से करीब 15 किलोमीटर दूर कोलार नदी पर यूफोरिया माइंस एंड मिनरल्स कंसोर्टियम एवं पावर मैक प्रा. लि. द्वारा करीब 25 से 30 लाख रुपये की लागत से यह अस्थायी मार्ग तैयार किया गया है। करीब 500 मीटर लंबे इस मार्ग को खोपरा, मिट्टी, मुरम और गिट्टी डालकर चार लेन में बनाया गया है। साथ ही बारिश के पानी की निकासी के लिए 24 पुलियों का निर्माण भी किया गया है। कंपनी ने यह पूरा कार्य महज 24 घंटे में पूरा कर दिया।



#### इन गांवों के रहवासियों को मिलेगी सहूलियत

छिदगांव, बड़गांव, आंबा, बाबरी, डीमावर, खड़गांव सहित एक दर्जन से अधिक गांवों का सीधा संपर्क तहसील मुख्यालय से बहाल हो गया है। ग्रामीणों को अब स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, प्रशासनिक कार्यों और रोजमर्रा के आवागमन में राहत मिली है।

#### ग्रामीणों ने बताया सराहनीय कार्य

ग्रामीणों का कहना है कि पुल की मरम्मत को लेकर कई बार प्रशासन से गुहार लगाई गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। हर बारिश में बच्चों की पढ़ाई, मरीजों का इलाज और किसानों का आवागमन प्रभावित होता था। निजी कंपनी की पहल से अब हालात बेहतर हुए हैं। ग्राम पंचायत छिदगांव काछी के सरपंच उदयराम कुशवाह ने बताया कि कोलार नदी पर बना पुराना पुल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। निजी कंपनी द्वारा बनाया गया अस्थायी मार्ग ग्रामीणों के लिए जीवनरेखा साबित हुआ है। यह प्रयास प्रशंसनीय है।

कंपनी के जनरल मैनेजर विनोद कुमार ने बताया कि पुल की जर्जर स्थिति और ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए यह अस्थायी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में भी कंपनी द्वारा इस मार्ग की मरम्मत कराई गई थी। हर साल बारिश में मार्ग बंद हो जाने से स्वास्थ्य, शिक्षा और प्रशासनिक कार्य प्रभावित होते थे।



**भैरुंदा।** पुल के ऊपर इस प्रकार से सरिया और गिट्टी उखड़ गई है।

---

# भक्ति का अर्थ है ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण और प्रेम : संत गोविंद जाने

**सीहोर।** भक्ति का अर्थ है ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण और प्रेम। यह एक आंतरिक भावना है, जिसे व्यक्त करने के लिए भौतिक वस्तुओं की आवश्यकता नहीं होती। सच्ची भक्ति मन की अवस्था है, न कि धन-संपत्ति या भौतिक प्रदर्शन। भौतिक वस्तुओं के प्रति लगाव अक्सर हमारे मन को सांसारिक इच्छाओं और चिंताओं में उलझाए रखता है। यह लगाव हमें ईश्वर से जुड़ने से रोकता है, क्योंकि हमारा ध्यान बाहरी दुनिया की ओर केंद्रित रहता है। उक्त विचार शहर के सिंधी कॉलोनी में हर साल की तरह साल भी गोदन सरकार हनुमान मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को संत गोविन्द जाने ने कहाकि भौतिक वस्तुओं में सुख नहीं है। परम निधि तो कोई सद्गुरु देता है। इसलिए इस कलियुग में केवल भगवान के नाम का जप और सच्चे कर्म ही हमें ईश्वर से जोड़ सकते है।




उन्होंने कहाकि जब हम भौतिक वस्तुओं के पीछे भागना बंद कर देते हैं, तो हम शांति और संतोष का अनुभव करते हैं। यह शांति हमें ध्यान केंद्रित करने और ईश्वर के साथ गहरा संबंध स्थापित करने में मदद करती है। कलियुग में नाम जप एक सरल आध्यात्मिक अभ्यास है। ईश्वर नाम जपना बहुत लाभकारी है। भगवान का नाम प्रेम और भक्ति बढ़ाता है। परमात्मा का नाम मर्यादा और शक्ति देता है। इन नामों को जपने से मन शांत होता है। नकारात्मक विचार दूर होते हैं और आध्यात्मिक उन्नति होती है। नाम जप जीवन का जरूरी हिस्सा है।

# शिक्षा का पाठ पढ़ाने वाला बना भक्षकः नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में सेवानिवृत्त शिक्षक गिरफ्तार, न्यायालय ने भेजा जेल

**भैरुंदा।** तहसील भैरुंदा क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया। पुलिस ने देर रात आरोपी सेवानिवृत्त शिक्षक को गिरफ्तार कर मंगलवार सुबह न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी चंद्रभान त्रिपाठी (75 वर्ष) शासकीय स्कूल से सेवानिवृत्त शिक्षक है। वह भैरुंदा के ग्रामीण अंचल में वर्षों तक सेवा दे चुका है। समाज में सम्मानित इस शिक्षक पर नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोप लगना शिक्षा व्यवस्था और सामाजिक मूल्यों पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। आरोप है कि आरोपी ने अपने परिचय और सामाजिक सम्मान का दुरुपयोग करते हुए करीब 13 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के परिजनों ने तुरंत थाने में शिकायत दर्ज कराई।




#### शिकायत मिलते ही कार्रवाई

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एसडीओपी रोशन कुमार जैन के नेतृत्व में भैरुंदा पुलिस ने सोमवार देर रात आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने कहा कि मामले की गहन और निष्पक्ष जांच जारी है। पीड़िता को कानूनी सहायता और सुरक्षा मुहैया कराई जा रही है। इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिक्षक समाज में मार्गदर्शक और संरक्षक होता है, ऐसे में यदि वही विश्वास तोड़ दे तो यह चिंताजनक है। लोगों ने आरोपी को सख्त सजा देने की मांग की।

# सीहोर के बैंकों में लावारिस पड़े हैं 34 करोड़ रुपए

**सीहोर।** क्या आपने कभी सोचा है कि आपके दादा-परदादा या किसी परिजन की मेहनत की कमाई बैंक के किसी अंधेरे कोने में धूल फांक रही होगी। जिले के बैंकों में इस वक्त एक-दो नहीं, बल्कि पूरे 34 करोड़ 12 लाख रुपये लावारिस पड़े हैं। हैरानी की बात यह है कि इन रुपयों को अपना कहने वाला कोई दावेदार ही नहीं मिल रहा। जिले के करीब 1,69,310 खाते ऐसे हैं, जो बरसों से सुप्त अवस्था में हैं। अब प्रशासन ने बीड़ा उठाया है कि आपकी यह गाढ़ी कमाई आपके घर तक पहुंचाई जाए।

जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में आरबीआई की क्षेत्रीय निदेशक रेखा चांदनांवेली और कलेक्टर बालागुरू के. ने इस अभियान की समीक्षा की। बैठक में साफ निर्देश दिए गए कि बैंक अधिकारी हाथ पर हाथ धरे न बैठें, बल्कि सक्रिय होकर खाताधारकों को खोजें। कलेक्टर ने एलडीएम को निर्देश दिए कि विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक कॉरेस्पोंडेंट के माध्यम से घर-घर जाकर संपर्क किया जाए।



#### शासकीय और निजी खातों की लंबी लिस्ट

एलडीएम जयदीप भट्टाचार्य ने बैठक में चौंकाने वाले आंकड़े साझा किए। उन्होंने बताया कि इन निष्क्रिय खातों में केवल आम जनता के ही नहीं, बल्कि सरकारी विभागों, स्कूलों, पंचायतों, नगरीय निकायों और स्व.सहायता समूहों के भी करोड़ों रुपये फंसे हुए हैं। कई बार प्रबंधन बदलने या जानकारी के अभाव में ये खाते संचालित नहीं हो पाते और धीरे-धीरे 'डेड' हो जाते हैं।

#### बंद खाते के लिए उद्गम का सहारा

बैठक में बताया गया कि अगर किसी खाते में 2 साल तक लेन-देन न हो तो वह निष्क्रिय हो जाता है। लेकिन यदि यह अवधि 10 साल पार कर जाए तो बैंक यह पैसा आरबीआई के जमाकर्ता शिक्षण और जागरूकता फंड में भेज देता है। ऐसे लावारिस पैसे को खोजने के लिए आरबीआई ने उद्गम पोर्टल शुरू किया है, जहां कोई भी व्यक्ति अपने या अपने परिजनों के पुराने खातों की जानकारी ले सकता है।

# सलकनपुर मंडल में सकल हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**रेहटी।** सलकनपुर मंडल के ग्राम सगोनिया में सकल हिंदू समाज द्वारा हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मातृशक्ति बहनो ने कलश यात्रा निकाल कर किया। कलश यात्रा के पश्चात मंदिर मे पूजन करके कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम का संचालन जतिन शर्मा ने किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में परम आदरणीय संत आलोक शर्मा, जिला सह संयोजका महिला समन्वयक श्रीमती अरुणा गौर एवं बुधनी जिले के जिला प्रचारक चेतन उपाध्याय उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित जनमानस को सम्बोधित करके समरसता, स्व का बोध, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन एवं नागरिक कर्तव्यबोध के सम्बन्ध मे जानकारियाँ दी गयी और हिन्दओं मे परसपर एकता बनाये रखने का आवाहन किया गया। कार्यक्रम के अंत मे भारत माता की आरती की गयी। उसके पश्चात कन्यायों को भोजन करवाकर भंडारा किया गया। सलकनपुर मण्डल के सकल हिन्दू समाज जनो ने अपनी सहभागिता से कार्यक्रम को सफल बनाया और हिन्दू एकता बढ़ाने का संकल्प लिया। इस मौके पर ग्राम की सरपंच सरोज गोपाल ममुकाती सहित समस्त ग्राम वासी मौजूद रहे।




### प्रतियोगिता में लगभग 400 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया

# दो दिवसीय उड़ान स्पोर्ट मीट का समापन लिटिल लायन हाउस ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था तरुण पुष्प हायर सेकंडरी स्कूल में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव 'उड़ान स्पोर्ट मीट' का उत्साहपूर्ण समापन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर खेल भावना, अनुशासन और उमंग से सराबोर नजर आया।

उड़ान स्पोर्ट मीट के अंतर्गत विद्यार्थियों के शारीरिक एवं बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए कुल 15 प्रकार की खेल और बुद्धिमत्ता आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यालय के चारों हाउस, लिटिल लायन, एक्सपर्ट ईगल्स, टैलेंटेड टर्टल और सॉलिड शार्क के बीच रोमांचक और कड़ा मुकाबला देखने को मिला।

दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में कक्षा चौथी से बारहवीं तक के लगभग 400 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने हाउस के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया। प्रतियोगिताओं के परिणामस्वरूप लिटिल लायन हाउस ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि सॉलिड शार्क हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



**प्रतिभागियों का उत्साह और सम्मान :** खेल प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में से 250 से अधिक प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान विद्यार्थियों की ऊर्जा और आत्मविश्वास का दृश्य अत्यंत प्रेरणादायक रहा। उन्होंने न केवल अपनी टीम के लिए मेहनत की, बल्कि खेल भावना और अनुशासन का भी अद्वितीय प्रदर्शन किया।

#### संस्था प्रमुख का संदेश

इस अवसर पर संस्था प्रमुख आर. बी. मालवीय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं हैं, बल्कि जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास, सहयोग और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत बनाते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को खेल भावना के साथ भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। लिटिल लायन हाउस को विजय के लिए बधाई देते हुए उन्होंने अन्य सभी हाउस की भी प्रशंसा की, जिन्होंने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। मालवीय ने विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के सहयोग और समर्पण की सराहना की, जिनके प्रयासों से यह खेल महोत्सव अपनी पूर्णता को प्राप्त कर सका।

# आदिवासियों का अनिश्चितकालीन धरना जारी

**बुधनी।** सीहोर एवं देवास जिले में रेलवे लाइन और राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण के बदले वैधानिक पुनर्वास, पुनर्व्यवस्थापन और समुचित मुआवजा नहीं मिलने से नाराज आदिवासी समाज का अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। कड़ाके की ठंड के बावजूद महिलाएं, पुरुष और युवा तहसील कार्यालय परिसर में डटे रहे, लेकिन अब तक बात नहीं बन पाई है। धरनारत लोगों ने बताया कि 12 दिसंबर को राज्यपाल के नाम आवेदन देने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई दूसरे दिन प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव कंचन शर्मा धरनास्थल पहुंचीं और पीड़ितों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रशासन की उदासीनता पर चिंता जताई और मांगें पूरी न होने पर आंदोलन को आगे बढ़ाने की बात कही।



## अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

# महाविद्यालय को मिली सौगात, 4 करोड़ की लागत से बनेंगी चार आधुनिक प्रयोगशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शासकीय महाविद्यालय नरसिंहगढ़ को बड़ी सौगात मिली है। महाविद्यालय में लगभग चार करोड़ रुपये की लागत से चार आधुनिक प्रयोगशाला कक्ष भवनों का निर्माण किया जाएगा।

यह कार्य उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्वीकृत किया गया है, जबकि इन भवनों की निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) रहेगी। इस महत्वपूर्ण परियोजना का भूमिपूजन सांसद रोडमल नागर एवं विधायक मोहन शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी के शिक्षा और युवा सशक्तिकरण के विचारों को साकार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।



### निर्माण कार्य को लेकर विधायक ने ठेकेदार को किया अलर्ट

प्रयोगशालाओं के निर्माण को लेकर विधायक मोहन शर्मा ने ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि यह मामला सीधे छात्रों के भविष्य से जुड़ा हुआ है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही या समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बच्चों के भविष्य से जुड़ी हुई हैं यह बिल्डिंग। महाविद्यालय के प्राचार्य चेतन त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि नई प्रयोगशालाओं के निर्माण से विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी, जिससे अध्ययन, प्रयोग और शोध कार्य को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों छात्रों ने इस सौगात पर अपनी खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में सांसद रोडमल नागर, विधायक मोहन शर्मा, एसडीएम सुशील कुमार, पूर्व जनभागीदारी समिति अध्यक्ष भरत झवर, जिला मंत्री सतेंद्र सिंह, पीडब्ल्यूडी मुख्य अभियंता दीपक कुमार, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रमेश मालवीया, शिव वैध, जितेंद्र सिंह पंवार, नारायण बाथम, राजेन्द्र कामरेट, रिंकू जाट, विजेंद्र सिंह सिकरवार, विभोर वर्मा, सुदेश पालीवाल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेता चिराग शुक्ला, अमन व्यास, भूपेंद्र गुर्जर सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन अटल जी के विचारों को आत्मसात करते हुए शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ किया गया।

# नेवज नदी की पुलिया के टर्न पर अनियंत्रित हुआ बाइक सवार, मौत

## रविवार देर रात्रि हुआ हादसा, परिवार में शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्थानीय नेवज नदी की रेलिंग विहीन पुलिया पर रविवार रात्रि खोयरी तरफ से आ रहा एक बाइक सवार युवक टर्न पर अनियंत्रित होकर बाइक समेत पुलिया से नीचे जा गिरा। बाइक समेत सीधे नदी में गिरे युवक के सिर में गंभीर चोंट आने से उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां सोमवार सुबह पोस्टमार्टम उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### घुमावदार टर्न पर सीधे पुलिया से नीचे गिरी बाइक

जानकारी के अनुसार स्वर्गीय डॉ. सूरज सेन के पुत्र कल्याण सेन अपनी बाईक से रविवार रात्रि करीब 10 बजे डाक बंगला रोड से वापस अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान नेवज नदी के छोटे पुल के घुमावदार टर्न पर बाइक अनियंत्रित होकर सीधे नदी में जहा गिरी। बाइक सवार कल्याण नदी में जहां गिरा वहां पानी नहीं बल्कि बड़े-बड़े पत्थर थे। ऐसे में कल्याण का सिर सीधे पत्थरों से टकराने से वो अत्यंत गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी मृत्यु हो गई। रात्रि का समय होने से काफी समय तक किसी को कुछ मालूम ही नहीं हो पाया। बाद में स्थानीय युवाओं और पुलिस को सूचना मिलने पर कल्याण को जिला चिकित्सालय भिजवाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। होनहार युवा की मृत्यु के समाचार से पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई।

उल्लेखनीय है कि मृतक युवक कल्याण हमेंशा समाजसेवा जैसी कार्यों से जुड़े रहते थे वहीं सेन समाज के नगर अध्यक्ष का दायित्व भी उनके पास था। आपको बतादें कि नेवज नदी पर रियासतकाल में बनी छोटी पुलिया शुरू से ही रेलिंग विहीन है। कुछ वर्षों पूर्व इसी स्थान पर खोयरी तरफ से साइकिल पर आ रहा एक साईकिल सवार युवक भी सीधा नदी में जा गिरा था जिससे उसकी मृत्यु हो गई थी।

### मप्र राज्य कर्मचारी संघ प्रदेश कार्यकारिणी बैठक 3 व 4 जनवरी को दतिया में

**शुजालपुर**। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय सचिव गौरव सक्सेना ने बताया की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक मां पीतांबरा की नगरी दतिया में 3 एवं 4 जनवरी को होगी। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, संभाग के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित प्रदेश के जिलों के जिला अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सम्मिलित होंगे। इस प्रकार बैठक में प्रदेश के लगभग 52 जिलों के प्रतिनिधि शामिल होकर आगे की रणनीति पर विचार विमर्श करेंगे। संभागीय सचिव गौरव सक्सेना ने बताया की 3 जनवरी को बैठक का उद्घाटन सत्र होगा। जिसमें कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा, संगठन विस्तार, जिलों में निर्वाचन आदि बिंदुओं पर चर्चा होगी। 4 जनवरी को बैठक का समापन होगा।

## राजोरिया की अपील किसी तरह का कोई लेनदेन न करें

# मोहनपुरा के अधिकारी के नाम से बनाई फर्जी फेसबुक आईडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सायबर ठगों एवं ऑनलाइन धोखाघड़ी करने वाले बदमाश नित नई कारस्तानियों को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामले में जिले की मोहनपुरा-कुंडालिया वृहद सिंचाई परियोजना के प्रशासक एवं अधीक्षक यंत्री विकास राजोरिया के नाम से अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके नाम की डुप्लीकेट आईडी बनाने का मामला सामने आया है। जब राजोरिया ने अपने नाम की फर्जी आईडी बनी हुई देखी तो वे हतप्रद रह गए। बाद में उन्होंने अपनी ओरिजनल आईडी से इस संबंध में मेसेज जारी कर लोगों को आगाह किया। उन्होंने अपील की कि संबंधित फ्रॉडर द्वारा बनाई गई आईडी से भेजी जा रही फ्रेंडशिप रिक्वेस्ट स्वीकार न करते हुए किसी तरह का कोई लेनदेन न करें।

### पोलावोरम परियोजना का अधिकारी बताते हुए बनाई आईडी

संबंधित फ्रार्डर ने अपने आपको दक्षित भारत की पोलावोरम परियोजना का अधिकारी बताते हुए उक्त आईडी बनाई है। इसके साथ ही आईडी में एक क्यूआर कोड भी संलग्न किया गया है। राजोरिया ने लोगों से अपील की है कि उनके नाम से बनाई गई उक्त डुप्लीकेट आईडी पूरी तरह फेक है। आईडी में




दिए गए क्यूआर कोड में किसी तरह की कोई राशि न डाली जाए। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व राजगढ़ के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा सहित अन्य अधिकारियों के नाम से फर्जी एफबी आईडी बनाने के मामले सामने आ चुके हैं।

# निर्माण विभाग समय-सीमा में जमा करें राजस्व वसूली राशि: कलेक्टर

## खनिज विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को खनिज विभाग की राजस्व वसूली संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जल संसाधन विभाग, पीआईयू, पीडब्ल्यूडी, पीएमजेएसवाय, प्रधानमंत्री सड़क विभाग द्वारा निर्माण कार्य की खनिज राजस्व राशि समय सीमा में जमा नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि रेलवे के निर्माण कार्य में जहां-जहां खनिज अनुमति से खनन हो रहा है, उन ठेकेदारों से भी रायल्टी समय सीमा में जमा करवाई जाए। साथ ही जिन ठेकेदारों ने समय-सीमा में राजस्व वसूली रायल्टी जमा नहीं की हैं, उन्हे नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि खनन क्षेत्र में जितने भी भारीवाहन चलते हैं, सभी पर रेडियम लगाना सुनिश्चित करें। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देशित किया कि आवेदनों के आधार पर मशीनों को पोल्युशन बोर्ड की एनओसी नियमानुसार जारी की जाए। इस अवसर पर जिला खनिज अधिकारी मुकेश सिकरवार, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी निधि भारद्वाज भी उपस्थित रहे।



# दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन की मौत




**सारंगपुर**। नगर एवं आसपास के क्षेत्र में रविवार को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इन घटनाओं से क्षेत्र में शोक का माहौल है। पहली घटना रविवार रात करीब 8 बजे नेशनल हाईवे स्थित मिडवेट्रिड के सामने हुई। यहां होटल में कार्यरत कर्मचारी भागीरथ पिता भेरू सिंह मालवीय उम्र 55 वर्षए निवासी ग्राम टीकोंदए ड्यूटी के दौरान सड़क पार कर रहे थे, तभी इंदौर की ओर से आ रही तेज रफ्तार ब्रेजा कार क्रमांक एचआर 27 जी 3702 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि भागीरथ की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सिविल अस्पताल सारंगपुर भिजवाया गया। वहीं दूसरी घटना सोमवार को समीपस्थ ग्राम भ्याना के पास सडावता मार्ग पर हुई। प्रवचन सुनकर अपने गांव लौट रहे मोटरसाइकिल सवार मदनलाल पिता किसनलाल उम्र 65 वर्ष निवासी ग्राम देवलीसांगा एवं प्रेम पिता बाबूलाल वर्मा उम्र 35 वर्ष निवासी कड़लावत की बाइक को मैजिक वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों मृतकों के शवों का सोमवार को सिविल अस्पताल सारंगपुर में पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# हिंदू सम्मेलन के लिए शोभा यात्रा व ध्वजा रोहण कार्यक्रम आज



**सुठालिया**। नगर में आगामी 4 जनवरी रविवार को होने वाले हिंदू सम्मेलन व इस की जन जागृति हेतु भूमि पूजन ध्वजा रोहन शोभायात्रा रविवार को निकाली जाएगी। भव्य शोभायात्रा के तारतम्य में शुक्रवार को हिंदू सम्मेलन के आयोजन में महिलाओ ने भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए नगर के मुख्य बाजार सहित लोधी मोहल्ला मेन मार्केट ब्यावरा रोड बस स्टेंड आदि क्षेत्र में भ्रमण कर जन जागृति हेतु घर घर आमंत्रण पत्र वितरित किए व प्रत्येक घर से महिलाओ को हिंदू सम्मेलन एवं शोभायात्रा में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रण दिया।

बता दें कि 4 जनवरी रविवार को आयोजित होने वाले भव्य हिंदू सम्मेलन की तैयारी इन दिनों नगर में जोरों पर चल रही है नगर को केसरिया ध्वज पताकाओ से सजाया गया है। शोभायात्रा रविवार दोपहर बारह बजे नगर के बस स्टेंड जीन मैदान से डीजे ढोल आतिशबाजी के साथ शुरू होगी इसके पहले यहां नगर के विभिन्न क्षेत्रों से उप यात्रा आकर शामिल होगी शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए सम्मेलन स्थल सरस्वती शिशु मंदिर के मैदान में पहुंचेगी जहां पूर्ण विधिविधान के साथ भूमि पूजन व ध्वजा रोहन किया जाएगा।

# विभाग ने रेशम तकनीकी पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की



**सारंगपुर**। रेशम विभाग राजगढ़ द्वारा सोमवार को स्थानीय रेशम केंद्र पर रेशम हितग्राहियों को उन्नत तकनीक की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कृषक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में क्षेत्र के रेशम पालक किसानों एवं हितग्राहियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यशाला में कनिष्ठ रेशम निरीक्षक दिलीप जैन ने रेशम किट पालन की नवीन एवं वैज्ञानिक तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सही तापमानए स्वच्छताए पौष्टिक आहारए समय पर दवा उपयोग तथा वैज्ञानिक पद्धति से पालन करने पर किसान कम लागत में अधिक उत्पादन कर सकते हैं। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओंए अनुदान, प्रशिक्षण एवं उपकरण सहायता की जानकारी देते हुए किसानों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता आशुतोष वैध द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। आभार प्रदर्शन तकनीकी सहायक बाबूलाल कोठार ने किया। इस अवसर पर हितग्राही राजू बाईए भूरी बाईए कृष्णा बाई, विक्रम सिंहए अंतर बाई सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान किसानों ने अपनी समस्याएं साझा कीं तथा विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किए। अंत में सभी हितग्राहियों को रेशम उत्पादन को आय का सशक्त साधन बनाने हेतु प्रेरित किया गया।

# महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय में अटल जन्मशताब्दी वर्ष अंतर्गत कार्यक्रम हुए

**सारंगपुर**। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भाजपा मंडल द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है।

इसी क्रम में सोमवार को महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा अटल जी की कल्पना पर आकर्षक रंगोली सजाकर की गई। रंगोली के माध्यम से छात्राओं ने अटल जी के आदर्शों, राष्ट्रभक्ति और उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों को कलात्मक रूप में प्रस्तुत किया। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए अटल जी के जीवन, उनके संघर्षए सादगीपूर्ण व्यक्तित्व, कुशल नेतृत्व तथा देश के विकास में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।



इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पदए नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा, मंडल महामंत्री कमल राठौर, विद्यालय के प्राचार्य दिनेश गुप्ता, समाजसेवी नवीन रुण्डवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अटल जी का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके विचारों को आत्मसात करना आज के समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम में शिक्षिका दीपिका बंसल, दीपाली सक्सेना, अनीता तिवारी, प्रीति शर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। सभी ने मिलकर अटल जी के आदर्शों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# ब्यावरा पब्लिक स्कूल में रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

## भाजपा मंडल ने बच्चों को अटलजी की स्मृति चिन्ह से पुरस्कृत किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री साहित्यकार प्रखर वक्ता अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस को अटल शताब्दी वर्ष के रूप में मनाते हुए भारतीय जनता पार्टी मंडल ब्यावरा द्वारा सप्ताहिक कार्यक्रमों के निमित्त ब्यावरा मंडल में रंगोली एवं चित्रकला ,निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 29 दिसंबर को ब्यावरा पब्लिक स्कूल में बेटियों ने शानदार रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया।

बच्चों ने बेहतरीन अटलजी के रंगोली बनाकर संदेश दिया। भाजपा मंडल ब्यावरा ने रंगोली में प्रथम द्वितीय व तृतीय आई बेटियों को अटल जी का स्मृति चिह्न भेंट किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव ने अटल जी का व्यक्तित्व के बारे में सभी को बताया। भारतीय राजनीति के एक बेहतरीन विचारक पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को कीचड़ से मुक्ति दिलाते हुए प्रधानमंत्री सड़क का तोहफा दिया है आज सड़कों से गाँव को जोड़ने का जो काम हुआ है वह हमारे प्रधानमंत्री अटल जी ने किया है। इस कार्यक्रम में उपस्थित मंडल महामंत्री दीपक समारे, सुमीत सोलंकी, युवा मोर्चा जिला मंत्री चंदन जादौन युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष गिर्राज लवंशी लखन लोदी, कपिल मीना, ऐलकर राव, आशिफ उल्ला और समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सम्राट विक्रमादित्य एकेडमी में खेल प्रतिभाओं को सम्मानित किया, विधायक ने बढ़ाया हौसला

**नरसिंहगढ़**। सम्राट विक्रमादित्य एकेडमी में सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शैक्षणिक एवं खेल प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



कार्यक्रम में नेशनल प्लेयर चेस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभा पाठक, कक्षा 10वीं की स्टेट टॉपर पालीवाल, कक्षा 10वीं के स्कूल टॉपर अनन्या वर्मा, कक्षा 12वीं की स्कूल टॉपर प्रिया साहू तथा नेशनल प्लेयर तीरंदाजी में चयनित लक्ष्य परमार को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि ग्रामीण व अर्धशहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों का राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर सफलता हासिल करना गर्व की बात है। उन्होंने शिक्षा के साथ खेलों में भी निरंतर आगे बढ़ने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से दीपेंद्र दास, जिला मंत्री सत्येंद्र सिंह राठौड़, पत्रकार संघ अध्यक्ष विजयपाल सिंह परमार कान्हा बना, रेड क्रॉस सचिव संजय शेखर शर्मा, स्कूल संचालक कृष्ण पाल सिंह परमार, प्राचार्य विजेंद्र वंशीवाल, वाइस प्रिंसिपल सुनील दांगी, प्रकाश दांगी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ किया गया।


## बगावत 11 ने जीता फाइनल मुकाबला



**ब्यावरा**। सोमवार को ब्यावरा क्लब ग्राउंड पर हुए टूर्नामेंट का फाइनल बगावत 11 ने जीता। राहुल पीपलोटिया टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में शामिल होकर विजेता टीम बगावत 11 कप्तान अंकित मीना एवं समस्त टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं 11 हजार रुपए का इनाम हासिल किया। फाइनल मुकाबले में महादेव 11 और बगावत 11 के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें बगावत 11 ने विजय हासिल कर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि आशीष मीना युवा भाजपा नेता रहे। मीना ने खिलाड़ियों बगावत 11 के अंकित मीना कप्तान, रोहित यादव, सूरज मीना, देबू यादव, कबीर सिंह, हरिओम यादव, कमल शर्मा, दीपक मीना, भगवान सिंह, अभिषेक सेन, अंकित भिलाला, राजा यादव को बधाई दी। फाइनल मैच में देबू यादव ने विनिंग शॉर्ट खेल कर बगावत 11 को विजेता बनाया। इस अवसर पर गाड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### एक जनवरी से शुरू होगी भागवत कथा



आष्टा। श्री गोविंद जाने सेवा समिति, के द्वारा भव्य श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का आयोजन 1 जनवरी से 7 जनवरी तक दशहरा मैदान, थाना के सामने किया जाएगा। जिसमें मालवा माटी के प्रसिद्ध संत गोविंद जाने के पावन सान्निध्य में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होगा। गुरुदेव की भव्य अगवानी 1 जनवरी को सुबह 9: 30बजे बाईपास चौपाटी से चल समारोह के माध्यम से की जाएगी। जो अस्पताल चौराहा, कॉलोनी चौराहा होते हुए कथा स्थल दशहरा मैदान थाने के सामने पहुंचेगा। समस्त श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों से विनम्र निवेदन है कि इस पुण्य अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पधारकरपरम पूज्य गुरुदेव के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त करें। श्री गोविंद जाने सेवा समिति, आष्टा सभी श्रद्धालुओ से कथा में पधारने की अपील की।

### ग्राहक मिलन समारोह समारोह सम्पन्न

**सीहोर।** एसीबी सीहोर शाखा द्वारा सीहोर द्वारा एग्री एचएनआई ग्राहक मिलन समारोह का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीजीएम बीएंडओ साई कृष्ण श्रीधर, डीजीएम एग्री धर्मानंद बनई, सीएम क्रेडिट गौरव अग्निहोत्री, सीएम क्रेडिट अखिलेश प्रसाद उपस्थित थे।

### पुलिस, प्रशासन की सूझ बूझ, सजगता से टला बड़ा विवाद, घटना के बाद से सामान्य रूप से खुले बाजार और स्कूल

# सोशल मीडिया पर पुलिस प्रशासन के समर्थन में उतरे शहर के नागरिक, पुलिसिया कार्रवाई को ठहरा रहे सही

### शहर में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस, प्रशासन निभाई भूमिका।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



21 दिसम्बर की रात को हरदा आंदोलन से वापस लौट रहे करणी सैनिकों और विशेष समुदाय के बीच पेशाब करने को लेकर हुई हिंसक झड़प के बाद से एक सप्ताह तक नगर में तनाव का माहौल बना हुआ था। गौरतलब है की 21 दिसम्बर को करणी सैनिकों और विशेष समुदाय के बीच हुई पत्थरबाजी जैसी घटना से जहां करणी सैनिकों में जमकर आक्रोश था और 21 दिसम्बर के बाद से लगातार करणी सैनिक पत्थरबाजी करने वालों पर कार्यवाही को लेकर विरोध, प्रदर्शन और ज्ञापन सौंप रहे थे। वही 28 तारीख को करणी सेना ने आष्टा में विशाल रूप से प्रदर्शन का भी ऐलान किया था। इस दौरान पुलिस ने भी तत्परता दिखाते हुए 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर भड़काऊ भाषण देने वाले 2 लोगों पर कार्यवाही कर सीधा संदेश दिया कि उपद्रव मचाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। वही दूसरी और 26 दिसंबर को समुदाय विशेष ने भी बड़ी संख्या में जमा होकर एसडीएम को ज्ञापन सौंप एक पक्षीय कार्यवाही का विरोध कर 4 सूत्रीय ज्ञापन सौंप 2 जनवरी को बड़े विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया था । लिहाजा दोनों तरफ से हो रहे प्रदर्शन से शहर में तनाव की स्थिति निर्मित हो रही है। ऐसे में 27 तारीख को पुलिस ने भी दो लोगों को भड़काऊ भाषण देने और शांति भंग करने का प्रयास करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज डाला। दूसरी और करणी सेना प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर भी आष्टा पहुंचे और शांति का संदेश देते हुए किसी भी आंदोलन करने से साफ इंकार कर गए और पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष कार्यवाही के लिए सीहोर एसपी कलेक्टर से मिले। वही इसके बाद से शहर के जनप्रतिनिधियों और व्यापारिक संगठनों द्वारा शांति की अपील भी होती रही। ऐसे में 27 दिसंबर को दो नेताओं को गलत तरीके से जेल भेजने और पत्रकारों के साथ अभद्रता करने के आरोप भी पुलिस पर लगे। लिहाजा इसके बाद से सोशल मीडिया पर स्थानीय रहवासी पुलिस के समर्थन में दिखाई दे रहे हैं और पुलिसिया कार्यवाही को सही ठहराते हुए पूरी कार्यवाहीकी प्रशंसा कर रहे हैं।

### सोशल मीडिया पर उतरे नागरिक, पुलिसिया कार्यवाही को ठहराया सही

पुलिस पर 27 दिसंबर को दो लोगों को भड़काऊ भाषण देने और शांति भंग करने करने के आरोप में जेल भेजने पर और पत्रकारों के साथ अभद्रता के आरोप भी लगे थे और पुलिस अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की जा रही थी।ऐसे में शहर के सभ्य और अमन पसंद नागरिकों ने सोशल मीडिया पर पुलिस के समर्थन में मोर्चा खोल कर पुलिस की कार्यवाही को सही बताया है। दूसरी और शहर के नागरिकों ने भी पुलिस प्रशासन की सतर्कता सजगता और कार्यवाही को सही बताते हुए शांति भंग करने वालों पर उचित कदम उठाने के लिए ज्ञापन सौंपा है।

### शांति समिति की बैठक में भी पुलिस प्रशासन की सतर्कता की हुई तारीफे

आपको बता दे कि 21 दिसम्बर के बाद से शहर में बने तनाव से जहां शहर वासी किसी बड़ी घटना को लेकर आशंकित थे जिससे नगर में लड़ाई झगड़े और शांति बिगड़ने के चलते डर का माहौल बना हुआ था ऐसे में 27 दिसंबर को आकस्मिक आपातकाल शांति समिति की बैठक की गई। उक्त बैठक में भी स्थानीय विधायक गोपाल इंजिनियर, व्यापारी महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर , कांग्रेस नेता हरपाल सिंह ठाकुर, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय, शहर काजी फ़जले बारी, हाफिज चांद मियां सहित शहर सभ्य नागरिकों ने पुलिस की सजगता, सतर्कता और त्वरित कार्यवाही की खुलकर तारीफ कर नगर की शांति और कानून व्यवस्था के लिए उठाए ठोस कदम की सराहना कर शहर वासियों से भी शांति की अपील की थी।










# सिंगाजी महाराज की ग्यारस पर हुआ तुलादान व भंडारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्दिगंज

ग्राम में सालों से चली आ रही धार्मिक परंपरा के अनुसार सिंगाजी गुरु महाराज की ग्यारस पर श्रीराम मंदिर के पास स्थित गुरु महाराज मंदिर में श्रद्धा व आस्था के साथ धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। सोमवार शाम से ही मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का शुभारंभ हुआ, जो पूरी रात श्रद्धालुओं की उपस्थिति में चलता रहा। भजनों की मधुर धुनों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। मंगलवार सुबह गुरु महाराज की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद तुलादान का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भक्तों ने अपने सामर्थ्य के अनुसार अनाज, वस्त्र व अन्य सामग्री का दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इसके पश्चात मंदिर परिसर में महाभंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम सहित आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम के दौरान मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा व्यवस्थाएं संभाली गईं। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने गुरु महाराज से ग्राम की सुख-समृद्धि, शांति व खुशहाली की कामना की। देर शाम तक श्रद्धालुओं का मंदिर में आना-जाना बना रहा और आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। सिंगाजी महाराज के मंदिर में आसपास के गांव एवं ग्रामीणों द्वारा सिंगाजी महाराज के यहां मनोकामना मांगी जाती है और श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण होने पर महाराज जी के यहां तोलादान किया जाता है प्रतिवर्ष पोश माह की ग्यारह पर प्रतिवर्ष सिंगाजी महाराज के मंदिर परिसर में भजन संध्या एवं तोलादान किया जाता है और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमें संपूर्ण ग्रामवासी एवं भंडारे में महाप्रसादी का लाभ लेते हैं श्रद्धालु द्वारा अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर बच्चे बूढ़े महिला को अपनी इच्छा अनुसार फल फूल अनाज मिठाई आदि से सिंगाजी महाराज के मंदिर में तोलादान किया जाता है।



# बेटियों को सपने साकार करने में मिलेगी नई गतिः गोपालसिंह इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक ग्राम से दूसरे ग्राम जाने वाली बालिकाएं-बालक पहले अपने ग्राम में जिस कक्षा तक के स्कूल होते थे वहां तक पढ़ाई करने के बाद शिक्षा को विराम लग जाता था । इसके कारण बालिकाएं आगे नही पढ़ पाती थी और ना ही वे आगे बढ़ पाती थी । हमारी डबल इंजन की सरकार ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये निशुल्क सायकल वितरण योजना लागू कर एक ग्राम से दूसरे ग्राम पढ़ने जाने वाले पात्र विद्यार्थियों को सायकलों का वितरण किया । इसका सबसे अधिक लाभ बालिकाओं को हुआ है,बालिका शिक्षा का प्रतिशत ओर स्तर बढ़ा है । उक्त उद्गार विधायक ग्राम बागेर, अरनियाराम, छापर, रोलागांवके स्कूलो में विद्यार्थियों को निशुल्क सायकल वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहे । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की इस योजना से बेटियों को नई रफ्तार ओर नये सपनों की नयी उड़ान भरने का सुअवसर मिला है ।प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के कुशल नेतृत्व में बेटे-बेटियों को आत्मनिर्भर और शिक्षित बनाने की दिशा में एक और सशक्त ओर बड़ा कदम है । आष्टा विधानसभा के शासकीय हाई स्कूल,हायर सेकेंड्री, मिडिल स्कूलों के छात्र छात्राओं को साइकिल वितरित की गई, जिससे अब खास कर बेटियों के लिए स्कूल आना पहले से और भी सुगम व आसान होगा।

# लगातार बढ़ रहे वायु प्रदूषण को रोकने के लिए कोठरी नगर के नागरिकों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी



नालसा नई दिल्ली के निर्देशानुसार शीत ऋतु के दौरान पर्यावरण प्रदूषण, विशेष रूप से वायु गुणवत्ता में हो रही निरंतर गिरावट को दृष्टिगत रखते हुए देशभर में संचालित पैन-इंडिया पर्यावरण साक्षरता एवं सामुदायिक संरक्षण पहल के तहत मंगलवार को नगरीय क्षेत्र के शासकीय संस्थाओं सहित नगर में तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश विजय डांगी के मार्गदर्शन में वायु प्रदूषण की रोकथाम हेतु विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कोठरी क्षेत्र में किया गया।इस शिविर में पैरालीगल वॉलेंटियर वैशाली जैन ने नगरवासियों को बताया कि जिस प्रकार हम अपने परिवार का ध्यान रखते हैं उसी प्रकार से हमें अपनी प्रकृक्ति का भी ध्यान रखने की आवश्यकता है। हमारा जीवन प्राकृति पर निर्भर है, वाहनों से निकलने वाला धुँआ, प्लास्टिक पॉलीथिन का उपयोग न करते हुए कपडे से बने थैले का उपयोग कर हमें अपने पर्यावरण का संरक्षण करना बेहद जरूरी है। पेड़-पौधे सहित प्राकृतिक संसाधन हमारे जीवन का संरक्षण करते हैं, लेकिन पर्यावरण प्रदूषण के कारण विश्व भर में विभिन्न प्रकार की आपदाएं आ रहे है। वही किसी भी व्यक्ति को निःशुल्क कानूनी सालहा लेनी है तो नालसा की हेल्पलाइन नंबर 15100 में फोन करके जानकारी ले सकते हैं। इस दौरान नगरवासियों को पेड़ लगाने, प्लास्टिक उपयोग कम करने, कचरा प्रबंधन, पानी-बिजली बचाने एवं अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने की शपथ दिलाई गई तथा पर्यावरण प्रदूषण को स्थिति में नालसा, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जिला प्रशासन में शिकायत करने की जानकारी दी गई। शिविर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेन्द्र कुमार जाटव, नगर परिषद कोठरी के समस्त कर्मचारीगण तथा नगरवासी मौजूद थे।

# स्थापना दिवस पर बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



इंदिरा कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 15 में कांग्रेस पार्टी के 141वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक सेवा एवं सामाजिक सरोकार से जुड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जरूरतमंद बच्चों को स्कूल उपयोग की पेन, कॉपी एवं पुस्तकें वितरित की गईं।

कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह मेमदाखेड़ी ने कहा की कांग्रेस की 141 वर्षों की गौरवशाली विरासत, लोकतंत्र, संविधान और सामाजिक न्याय के मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पार्टी सदैव शिक्षा, समानता और गरीबों के हित में कार्य करती रही है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ नजर आई। वरिष्ठ नेताओं ने बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझाते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अंत में कांग्रेस पार्टी के विचारों और सेवा भावना को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी से पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान, मीना सिंगी, सुनील सेठी, विनीत सिंगी, सोबालसिंह मुगली, इदरीश मंसूरी, सोभालसिंह बागेर, चन्दरसिंह ठाकुर, जगदीश चौहान, नईमउद्दीन, रामचरण दवारिया, बंसी बांबे, अर्जुनसिंह अजय, शम्मीउद्दीन, अनारसिंह, शंकर बोडाना सहित अन्य उपस्थिति रहे।

### शासकीय महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ

# विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण पर विस्तार से समझाया





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में रपर्यावरण संरक्षण एवं सामुदायिक साक्षरता विषय पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र कुमार शुक्ल ने की तथा कार्यक्रम का संचालन इंग्लिश विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर राकेश कुमार सोलंकी ने किया।

राज आनंद संस्थान, भोपाल के मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण पर विस्तार से समझाया साथ ही विद्यार्थियों को वृक्षारोपण करने और प्लास्टिक पॉलिथीन का न्यूनतम इस्तेमाल करने की सलाह दी।

महाविद्यालय में योजित हुए कार्यक्रम में विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह के साथ कार्यक्रम मेंभाग लिया। इस कार्यक्रम में इतिहास विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर भीमसेन मालवीय और पुस्तकालय अध्यक्ष प्रीति कुशवाहा एवं विद्यार्थि उपस्थित रहे।

# खेतों में लहराने लगी सरसों की फसल



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

क्षेत्र के कई गांव के किसानों ने खेतों में अन्य फसलों के साथ सरसों भी लगाई है जो इस समय खेतों में लहराने लगी है। सरसों की फसल 110 से 120 दिन में पककर तैयार हो जाती है। इसका उत्पादन भी दो से 5 क्विंटल प्रति बीघा होता है। बमुलिया रायमल के किसान राहुल सिंह ठाकुर ने बताया कि परंपरागत खेती के साथ अन्य फसलें भी लगाने लगे हैं। इनमें सरसों की फसल भी शामिल है। इस समय सरसों की फसल में फूल की बाहर आई हुई है। खेत फूलों से पटे हुए हैं। किसान राहुल सिंह ने बताया कि नगर के साथ ही बमुलिया रायमल, कजलास, ग्वाला, गुराडिया वर्मा, कुण्डिया नाथू, खजुरिया, सहित अनेक गांव के किसान भी अब गेहूं, चना, लहसुन, प्याज के साथ सरसों रायडा की फसल भी अपने खेतों में लगाने लगे हैं।